Series : EGHF4

SET ~ 1

रोल नं.
Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड **4/4/1**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

***निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :***

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **चार** खंड हैं- **क, ख, ग** और **घ**।*

*(iii) **खंड-क** में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।*

*(iv) **खंड-ख** में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

*(v) **खंड-ग** पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।*

*(vi) **खंड-घ** रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

*(vii) यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

## खंड 'क'

## (अपठित गद्यांश) **14**

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **7**

रंगमंच की दुनिया में मोबाइल थियेटर अबूझा नाम नहीं और असम में तो ये मनोरंजन का दूसरा नाम है। देश ही नहीं दुनिया भर में अपनी तरह का अनोखा, चलता–फिरता रंगमंच जो खानाबदोश जिंदगी जीता है। जिसका आज यहाँ ठौर, तो कल वहाँ ठिकाना इसलिए इसे भ्रमण थियेटर भी कहते हैं।

असम में फिल्मों से ज्यादा मोबाइल थियेटर लोकप्रिय है। असम के लेखकों और कलाकारों के लिए ये थियेटर किसी संजीवनी से कुछ कम नहीं हैं। ट्रकों पर खाने–पीने से लेकर स्टेज, कुर्सी, पोशाक, तकनीकी उपकरणों समेत सारे सामानों से लदकर ये आठ से नौ महीनों तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में लगातार प्रदर्शन करते हैं। रूपरेखा भले ही नाटक की हो, पर इसका स्टाइल पूरा फिल्मी है। फिल्मों की तरह इन थियेटरों में दिखाए जाने वाले नाटकों का भी बैनर, पोस्टर लगाकर खूब प्रचार होता है।

थियेटर शब्द सुनकर आमतौर पर गंभीर विषयवस्तु और श्वेत–श्याम स्टेज के नाटकों का खाका मस्तिष्क में उभरता है। ये घुमक्कड़ रंगमंच मंचन भले ही नाटकों का करते हैं, लेकिन इनमें पटकथा से लेकर नाच–गाना, एक्शन, इमोशन हर तरह का फिल्मी मसाला होता है। अभिनय और प्रस्तुति के मामले में यहाँ मनोरंजन से कोई समझौता नहीं होता।

टी.वी., केबल चैनलों और नई तकनीकों का इसके बाज़ार पर भी असर पड़ा है। बाज़ार और तकनीकी चहलकदमी ने इसका रूप ही नहीं रुख भी बदल दिया है लेकिन फिर भी इंटरनेट की तकनीकी आँधी इसके तंबू को उखाड़ नहीं पाई है। इसकी वजह है इसकी विविधता में वास्तविकता। पुरानी लाइटिंग, साउंड, तकनीकी उपकरणों के बावजूद इनके सेट एकदम असली लगते हैं और उस पर कलाकारों की जीवंत और उम्दा प्रस्तुति की तो बात ही क्या ! अपनी मौलिकता की वजह से समय की रेत पर यह आज भी अपनी पहचान के साथ स्थिर खड़ा है।

**(i)** मोबाइल थियेटर से क्या अभिप्राय है? **1**

(A) मोबाइल पर देखे जाने वाला थियेटर

(B) मोबाइल की सहायता से बना थियेटर

(C) चलते-फिरते देखे जाने वाला थियेटर

(D) चलता-फिरता थियेटर

**(ii)** निम्नलिखित **कथन** तथा **कारण** को ध्यान से पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कर लिखिए : **1**

**कथन :** असम के लेखकों, कलाकारों के लिए मोबाइल थियेटर संजीवनी हैं।

**कारण :** मोबाइल थियेटर उन्हें आत्मिक, सामाजिक और आर्थिक संतुष्टि प्रदान करता है।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(B) कारण सही है किंतु कथन गलत है।

(C) कथन सही है किंतु कारण कथन की गलत व्याख्या करता है।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

**(iii)** मोबाइल थियेटर के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं : **1**

(I) मोबाइल थियेटर फिल्मी मसालों से युक्त होते हैं।

(II) मोबाइल थियेटर असम में मनोरंजन का एकमात्र साधन हैं।

(III) बाज़ारवाद और तकनीक का प्रभाव मोबाइल थियेटरों पर भी पड़ा है।

**विकल्प :**

(A) केवल (II) सही है।

(B) केवल (III) सही है।

(C) (I) और (II) सही हैं।

(D) (I) और (III) सही हैं।

**(iv)** मोबाइल थियेटर पारंपरिक थियेटर से किस प्रकार भिन्न हैं? **25–30** शब्दों में लिखिए। **2**

**(v)** समय की रेत पर मोबाइल थियेटर की पहचान को स्थिर रखने वाली कौन–सी विशेषता है? किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख कीजिए। **2**

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

जलवायु परिवर्तन के साथ जैसे–जैसे मौसम का 'पैटर्न' समुद्र के स्तर को प्रभावित कर रहा है, नदी प्रणालियों में भूकम्प से होने वाले महाविनाशकारी परिवर्तनों को समझना अपरिहार्य हो चला है। धरती लगातार हिल रही है। पहाड़ों में दरारें पड़ रही हैं। नदियाँ वैसे भी, विशेष रूप से मार्ग और प्रवाह में परिवर्तन के प्रति संवेदनशील होती हैं। भूकम्प से नदी मार्ग में परिवर्तन के विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं, जिससे संपत्ति, कृषि और बुनियादी ढाँचे को भारी नुकसान पहुँच सकता है। हाल में, जब अध्येताओं की एक टीम ने ढाका से सौ किलोमीटर दक्षिण में नदी की पुरानी मुख्यधारा खोजने के लिए सैटेलाइट चित्रों का इस्तेमाल किया तो उस इलाके में भूकम्पीय संकेत–चिह्न मिले। इस क्षेत्र में गंगा और ब्रह्मपुत्र की प्लेटें करीब होने से यहाँ अकसर तेज भूकम्प आते रहे हैं। डेल्टा वाले नदी क्षेत्र में उच्च तीव्रता का भूकम्प आने पर प्रवाह का रास्ता पूरी तरह बदल सकता है। वहाँ तबाही इसलिए बहुत भयावह होगी, क्योंकि अब उस क्षेत्र में लाखों की घनी बसावट है।

भूकम्पीय गतिविधियों और नदियों के प्रवाह पर बारीक नजर रखे हुए वैज्ञानिक लगातार ऐसे जोखिम वाले तमाम वैश्विक क्षेत्रों की पहचान करने में जुटे हैं। सब कुछ के बावजूद, किसी भूकम्प के सटीक मापदंडों या किसी भी क्षण नदी के बहाव के बारे में पूर्वानुमान लगाना असंभव है।

**(i)** निम्नलिखित **कथन** तथा **कारण** को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए : **1**

**कथन :** नदी प्रणालियों में भूकम्पीय विनाशकारी बदलावों को समझना अनिवार्य हो गया है।

**कारण :** भूकम्प से नदी मार्ग में परिवर्तन के विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(B) कथन सही है लेकिन कारण गलत है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या है।

(D) कथन गलत है किंतु कारण सही है।

**(ii)** अध्ययनकर्ताओं को ढाका के दक्षिण में नदी की मुख्यधारा खोजते हुए क्या जानकारी मिली? **1**

(A) उस क्षेत्र के पहाड़ों में दरारें मिलीं

(B) उस क्षेत्र की संवेदनशीलता की जानकारी मिली

(C) नदी की पुरानी मुख्यधारा इस क्षेत्र से गायब हो चुकी है

(D) उस इलाके में नदी की पुरानी मुख्यधारा के संकेत-चिह्न मिले

**(iii)** डेल्टा वाले क्षेत्र में तीव्र भूकम्प आने से होगा : **1**

(I) नदी-मार्ग बदल सकता है

(II) भयानक तबाही होगी

(III) उन क्षेत्रों में घनी बसावट हो सकती है

(IV) वहाँ अकसर तेज भूकम्प आते रहेंगे

**विकल्प :**

(A) I - II

(B) II - III

(C) III - IV

(D) I - IV

**(iv)** भूकम्प के सटीक मापदंड और नदी के बहाव का पूर्वानुमान लगाना असंभव क्यों है? किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख कीजिए। **2**

**(v)** पृथ्वी में हो रही लगातार भीतरी हलचल के कौन-से परिणाम हो रहे हैं और हो सकते हैं? **2**

## खंड 'ख'

## (व्यावहारिक व्याकरण) **16**

**3.** 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×1 = 4**

**(i)** बच्चे झूमते-गाते हुए चल रहे थे। (क्रिया-विशेषण पदबंध छाँटकर लिखिए)

**(ii)** किसी को आगे-पीछे की खबर न थी। (संज्ञा पदबंध छाँटकर लिखिए)

**(iii)** छींट की सस्ती साड़ी में लिपटी नायिका ने गायिका को पीछे छोड़ दिया। (विशेषण पदबंध छाँटकर लिखिए)

**(iv)** बाज़ार के चौराहे से लाल बालों वाला एक सिपाही चला आ रहा था। (संज्ञा पदबंध छाँटकर लिखिए)

**(v)** इनमें से कुछ शहर छोड़कर चले गए हैं। (क्रिया पदबंध छाँटकर लिखिए)

**4.** 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×1 = 4**

**(i)** मैं इरादा करता कि आगे से खूब जी लगाकर पढ़ूँगा। (सरल वाक्य में बदलिए)

**(ii)** मैं फटकार और घुड़कियाँ खाकर भी खेल-कूद का तिरस्कार नहीं कर सकता था। (संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए)

**(iii)** मैं मज़े से खेलता रहा और दरजे में भी अव्वल आया। (रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए)

**(iv)** जब मैं भोर का सारा समय गुल्ली-डंडे की भेंट करके लौटा तो भाई साहब ने तलवार खींच ली। (रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए)

**(v)** मौका पाते ही हॉस्टल से निकलकर मैं मैदान में आ जाता। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

**5.** 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×1 = 4**

**(क)** (i) 'स्वाधीन' समस्त पद का विग्रह करके भेद भी लिखिए।

(ii) 'निस्संदेह' समस्त पद किस समास का उदाहरण है?

(iii) 'नीलगगन' समस्त पद किस समास का उदाहरण है और कैसे?

**(ख)** समस्तपद बनाकर भेद का नाम लिखिए :

(iv) तीन वेणियों (नदियों) का संगम स्थल

(v) ठंडा या गर्म

**6.** 'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×1 = 4**

**(i)** रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए :
पढ़ाई के लिए इतनी मेहनत! उतनी मेहनत से तो मुझे ___________।

**(ii)** रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए :
मैं कमरे में इस तरह ___________ कि माँ को खबर न हो।

**(iii)** 'व्यर्थ में लिखना' अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा लिखिए।

**(iv)** 'खून जलाना' मुहावरे का वाक्य में इस तरह प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए।

**(v)** आज मैं बीमार हो जाऊँ, तो तुम्हारे हाथ-पाँव फूल जाएँगे। इस वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे को छाँटकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

## खंड 'ग'

## (पाठ्यपुस्तक पर आधारित) 28

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर दीजिए : **5×1 = 5**

दुनिया कैसे वजूद में आई? पहले क्या थी? किस बिंदु से इसकी यात्रा शुरू हुई? इन प्रश्नों के उत्तर विज्ञान अपनी तरह से देता है, धार्मिक ग्रंथ अपनी-अपनी तरह से। संसार की रचना भले ही कैसे हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है। पंछी, मानव, पशु, नदी, पर्वत, समंदर आदि की इसमें बराबर की हिस्सेदारी है। यह और बात है कि इस हिस्सेदारी में मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दी हैं। पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था अब टुकड़ों में बँटकर एक-दूसरे से दूर हो चुका है। पहले बड़े-बड़े दालानों-आँगनों में सब मिल-जुलकर रहते थे अब छोटे-छोटे डिब्बे जैसे घरों में जीवन सिमटने लगा है। बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है, पेड़ों को रास्तों से हटाना शुरू कर दिया है, फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया है।

**(i)** धरती के बारे में क्या कहा गया है?

(A) धरती मानव की है

(B) धरती का अस्तित्व पहले से है

(C) धरती सबकी साझी है

(D) धरती सहनशीला है

**(ii)** निम्नलिखित **कथन** और **कारण** को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :

**कथन :** पहले धरती पर प्रत्येक जीव-जन्तु अपना अधिकार समझते और मिलजुलकर रहते।

**कारण :** 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना में विश्वास रखते थे।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(B) कथन सही है लेकिन कारण गलत है।

(C) कथन गलत है किंतु कारण सही है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या है।

**(iii)** संयुक्त परिवारों की वर्तमान में क्या स्थिति है?

(A) एकल परिवारों में सिमटना

(B) स्वार्थ का हावी होना

(C) परस्पर मिलनसारिता

(D) सभी एक–दूसरे के सहायक

**(iv)** बढ़ती जनसंख्या का प्रभाव हुआ :

(A) समुद्र को धकेलना शुरू हुआ

(B) सब अपने लिए स्थान खोजने लगे

(C) संसाधनों की खोज शुरू हुई

(D) लूट–पाट बढ़ने लगी

**(v)** **कॉलम–1** और **कॉलम–2** को सुमेलित करके सही उत्तर चुनिए :

| **कॉलम–1** | **कॉलम–2** |
|---|---|
| 1. प्रदूषण ने | I. पेड़ साफ़ कर दिए |
| 2. बढ़ती आबादी ने | II. परिभाषा बदल गई |
| 3. परिवार की | III. पक्षियों को बेघर किया |

**विकल्प :**

(A) 1-II, 2-I, 3-III

(B) 1-I, 2-III, 3-II

(C) 1-II, 2-III, 3-I

(D) 1-III, 2-I, 3-II

**8.** 'गद्य' खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3×2 = 6**

**(i)** पढ़ाई के प्रति बड़े भाई साहब और छोटे भाई की सोच में क्या अंतर था? 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर लिखिए।

**(ii)** 'डायरी का एक पन्ना' पाठ में लेखक द्वारा कई आंदोलनकारियों का उल्लेख हुआ है, जिनसे हम साधारणतः अपरिचित हैं। इसके पीछे लेखक का क्या दृष्टिकोण हो सकता है?

**(iii)** 'प्रेम सबको जोड़ता है।' 'तताँरा-वामीरों कथा' के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

**(iv)** 'गिन्नी का सोना' पाठ में दिए गए प्रसंग के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

**9.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनकर लिखिए : **5×1 = 5**

कंपनी बाग के मुहाने पर
धर रखी गई है यह 1857 की तोप
इसकी होती है बड़ी सम्हाल, विरासत में मिले
कंपनी बाग की तरह
साल में चमकाई जाती है दो बार।

सुबह-शाम कंपनी बाग में आते हैं बहुत से सैलानी
उन्हें बताती है यह तोप
कि मैं बड़ी जबर
उड़ा दिए थे मैंने
अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जे
अपने ज़माने में

**(i)** 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में प्रयुक्त तोप को किसने बनवाया था?

(A) झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई ने

(B) ईस्ट इंडिया कंपनी ने

(C) बहादुरशाह ज़फ़र ने

(D) मंगल पांडे ने

**(ii)** काव्यांश के आधार पर तोप की विशेषता थी :

(A) बहुत सुंदर और बढ़िया थी

(B) पर्यटक उसे देखने आते थे

(C) अपनी क्षमता पर गर्व था

(D) वर्ष में दो बार चमकाया जाता था

**(iii)** वर्ष में तोप चमकाने के दिन होंगे :

I. गाँधी जयंती

II. स्वतंत्रता दिवस

III. नववर्ष दिवस

IV. गणतंत्र दिवस

**विकल्प :**

(A) I - III

(B) II - IV

(C) I - II

(D) III - IV

**(iv)** हमारे शूरवीरों को मौत के घाट उतारने वाली 'तोप' को हमने सँभालकर क्यों रखा है?

(A) आज़ादी की जंग का महत्त्वपूर्ण हिस्सा होने के कारण

(B) अंग्रेजों के अत्याचारों का प्रमाण होने के कारण

(C) एक विशाल और ऐतिहासिक तोप होने के कारण

(D) स्वतंत्रता विरोधी ताकतों से सावधान रहने की सीख देने के कारण

**(v)** 'कंपनी बाग के मुहाने पर'– पंक्ति में प्रयुक्त 'मुहाने' शब्द का अर्थ है :

(A) प्रवेश द्वार

(B) बीचोंबीच

(C) अंतिम द्वार

(D) बाईं तरफ

**10.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25−30** शब्दों में लिखिए : **3×2 = 6**

**(i)** कबीर के, निंदक को पास रखने वाले विचार से आप कहाँ तक सहमत हैं और क्यों?

**(ii)** किसी भी देश के विकास के लिए उदार व्यक्तियों की आवश्यकता होती है, कैसे? 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए।

**(iii)** 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में कवि ने पर्वत की विशालता को किस प्रकार चित्रित किया है? स्पष्ट कीजिए।

**(iv)** 'आत्मत्राण' कविता की प्रार्थना अन्य प्रार्थनाओं से अलग कैसे है? स्पष्ट कीजिए।

**11.** 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40–50** शब्दों में लिखिए : **2×3 = 6**

**(i)** हरिहर काका को वृद्धावस्था में किन परेशानियों का सामना करना पड़ा? बुजुर्गों के खुशहाल जीवन के लिए आप क्या सुझाव देंगे?

**(ii)** 'कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती।' अपने आसपास से कोई उदाहरण देकर इस तथ्य की पुष्टि कीजिए।

**(iii)** आपका घनिष्ठ मित्र दूसरे मजहब का है, आपके घर में उसका स्वागत किस प्रकार होता है? विस्तार से लिखिए।

## खंड 'घ'
## (रचनात्मक लेखन) **22**

**12.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **5**

**(i)** ओलिंपिक में मिला भारत को रजत पदक .....

- नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में रचा इतिहास
- खुशी की लहर
- भारत का नाम रोशन

**(ii)** ई-पुस्तकालय

- पुस्तकालय का आधुनिक रूप
- ई-पुस्तकालय के लाभ
- ई-पुस्तकालय की सीमाएँ और भविष्य

**(iii)** कड़ाके की ठंड और सड़क का कुत्ता .....

• ठंडी रात में कूँ-कूँ करता कुत्ता

• मदद के हाथ

• राहत के क्षण

**13.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए : **5**

**(i)** आप दसवीं कक्षा के छात्र/छात्रा ओज/ओजस्विता हैं। आपके अनुरोध पर आपके विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या ने फुटबॉल प्रशिक्षक (कोच) की व्यवस्था कर दी है। अतः उन्हें धन्यवाद पत्र लिखिए।

**अथवा**

**(ii)** आप ओज/ओजस्विता हैं। बच्चों में बढ़ते स्क्रीन समय पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी दैनिक हिंदी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**14.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **60** शब्दों में सूचना लिखिए : **4**

**(i)** आप राजकीय वरिष्ठ विद्यालय के हिंदी अध्यापक/अध्यापिका देव/देविका हैं। आप विद्यालय में अंतर्विद्यालय कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराने जा रहे हैं। विद्यार्थियों को इसकी जानकारी देने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

**(ii)** आप राजकीय वरिष्ठ विद्यालय के छात्र/छात्रा देव/देविका हैं। भोजनावकाश के दौरान आपकी जैकेट खेल के मैदान में छूट गई थी। उसकी जानकारी देते हुए स्कूल के नोटिस बोर्ड पर लगाने के लिए एक सूचना लिखिए।

**15.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **40** शब्दों में विज्ञापन लिखिए : **3**

**(i)** स्थानीय पुलिस द्वारा यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जनहित में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

**(ii)** गर्मी की छुट्टियों में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा बच्चों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। अतः उसके लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** **(i)** ''खेतों में भुट्टे की फसल देखकर हर कोई कहता– वाह! कितनी बढ़िया है। दो–चार दिन में काटने की तैयारी थी लेकिन ........'' पंक्ति से शुरुआत करते हुए लगभग **100** शब्दों में लघुकथा को पूरा कीजिए। **5**

**अथवा**

**(ii)** आप मोहल्ला सुधार समिति के सचिव अर्पण/अर्पणा हैं। पिछले दो दिनों से आपके मोहल्ले में पानी की आपूर्ति बाधित है, अतः जल आपूर्ति के लिए जल बोर्ड के अध्यक्ष को लगभग **80** शब्दों में ई–मेल लिखिए। **5**

<u>**अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु**</u>

# सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2024-25

## अंक-योजना

## हिंदी 'ब' विषय कोड—085

## प्रश्न-पत्र कोड-- 4/4/1, 4/4/2, 4/4/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा-प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हों कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें और उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ पर की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आँकड़ों और शब्दों में लिखें।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

**Series: EGHF4 प्रश्न-पत्र कोड 4/4/1, 4/4/2, 4/4/3**

## अंक योजना

## हिंदी 'ब'(085)

| प्रश्न सं. | 4/4/1 | 4/4/2 | 4/4/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड - क**<br>**(अपठित बोध)** | |
| **1** | **1** | **2** | 2 | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न : | (7) |
| | (i) | (i) | (i) | (D) चलता-फिरता थियेटर | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| | | | | | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) (i) और (iii) दोनों सही हैं। | |
| | | | | | 2 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | • विषयवस्तु, मंचसज्जा, तकनीक, संगीत की दृष्टि से (कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>• मौलिकता, सामाजिक जीवन से सीधा जुड़ाव | |
| | (v) | (v) | (v) | • विविध विषयों की वास्तविक प्रस्तुति<br>• कलाकारों की जीवंत और शानदार प्रस्तुति<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1 |
| **2** | **2** | **1** | 1 | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न : | (7) |
| | (i) | (i) | (i) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या है। | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (B) उस क्षेत्र की संवेदनशीलता की जानकारी मिली | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (A) I-II | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | • धरती के भीतर की गतिविधियों की सटीक जानकारी नहीं होने से पूर्वानुमान असंभव<br>• परिवर्तनों की संख्या इतनी कि कोई भी निष्कर्ष निकालना कठिन | 1+1 |
| | (v) | (v) | (v) | • भूकंप से लोगों, घरों को क्षति<br>• संपत्ति, कृषि और बुनियादी ढाँचे को भारी नुकसान<br>• नदी मार्ग बदलने से तबाही | 1+1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड – ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| **3** | **3** | **3** | **3** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (i) | - | - | झूमते-गाते हुए | 1 |
| | (ii) | - | - | आगे-पीछे की ख़बर | 1 |
| | (iii) | - | - | छींट की सस्ती / छींट की सस्ती साड़ी में लिपटी | 1 |
| | (iv) | - | - | लाल बालों वाला एक सिपाही | 1 |
| | (v) | - | - | छोड़कर चले गए हैं | 1 |
| | - | (i) | - | संज्ञा पदबंध | 1 |
| | - | (ii) | - | समझ सकता है | 1 |
| | - | (iii) | - | काफ़ी महँगा | 1 |
| | - | (iv) | - | क्रिया विशेषण पदबंध | 1 |
| | - | (v) | - | लड़कों का एक गोल | 1 |
| | - | - | (i) | पुलिस कमिश्नर का नोटिस | 1 |
| | - | - | (ii) | क्रिया विशेषण पदबंध | 1 |
| | - | - | (iii) | पकड़ लिया गया था | 1 |
| | - | - | (iv) | विशेषण पदबंध | 1 |
| | - | - | (v) | झंडा लेकर भागने वाला वह | 1 |
| **4** | **4** | **4** | **4** | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (i) | - | - | मैं आगे से खूब जी लगाकर पढ़ने का इरादा करता। | 1 |
| | (ii) | - | - | मैं फटकार और घुड़कियाँ खाता लेकिन /फिर भी/ पर/परंतु/किंतु खेल-कूद का तिरस्कार नहीं कर सकता था। | 1 |
| | (iii) | - | - | संयुक्त वाक्य | 1 |
| | (iv) | - | - | मिश्र वाक्य | 1 |
| | (v) | - | - | जैसे / ज्यों ही मैं मौका पाता वैसे / त्यों ही होस्टल से निकलकर मैदान में आ जाता। | 1 |
| | - | (i) | - | हेडमास्टर की जो डिग्री थी वह यहाँ बेकार हो गई। | 1 |
| | - | (ii) | - | उनकी माताजी ने प्रबंध अपने हाथ में ले लिया और घर में लक्ष्मी आ गई है। | 1 |
| | - | (iii) | - | सरल वाक्य | 1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (iv) | - | बड़े-बड़े पार्क और मैदानों को पुलिस ने सवेरे से ही घेर लिया था। | 1 |
| | - | (v) | - | मिश्र वाक्य | 1 |
| | - | - | (i) | लोग सोचने लगे कि यहाँ भी बहुत-सा काम हो सकता है। | 1 |
| | - | - | (ii) | मिश्र वाक्य | 1 |
| | - | - | (iii) | संयुक्त वाक्य | 1 |
| | - | - | (iv) | दो सौ आदमियों का जो जुलूस था वह लालबाजार पहुँचकर गिरफ्तार हो गया।/ जब दो सौ आदमियों का जुलूस लालबाजार पहुँचा तब वह गिरफ्तार हो गया। | 1 |
| | - | - | (v) | लाठियाँ पड़ने पर भी वॉलेंटियर अपने स्थान से हटते नहीं थे। | 1 |
| **5** | **5** | **5** | **5** | **'समास'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (क) | | | | |
| | (i) | - | - | स्व के अधीन – तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | (ii) | - | - | अव्ययीभाव समास | 1 |
| | (iii) | - | - | नीला है जो गगन – कर्मधारय समास क्योंकि प्रथम पद नीला विशेषण है और 'गगन' विशेष्य | ½+½ |
| | (ख) | | | | |
| | (iv) | - | - | त्रिवेणी – बहुव्रीहि समास | ½+½ |
| | (v) | - | - | ठंडा-गर्म – द्वंद्व समास | ½+½ |
| | | (क) | | | |
| | - | (i) | - | दो पहरों का समूह – द्विगु समास | ½+½ |
| | - | (ii) | - | कर्मधारय समास | 1 |
| | - | (iii) | - | आमरण – अव्ययीभाव समास, प्रथम पद अव्यय | ½+½ |
| | | (ख) | | | |
| | - | (iv) | - | युधिष्ठिर – तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | - | (v) | - | श्वेतांबर/ श्वेतांबरा – बहुव्रीहि समास | ½+½ |
| | | | (क) | | |
| | - | - | (i) | घोड़े पर सवार – तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | - | - | (ii) | नील कमल, विद्याधन आदि कोई भी उपयुक्त उदाहरण | 1 |
| | - | - | (iii) | तीन वेणियों का समूह – द्विगु समास, प्रथम पद संख्यावाची<br>अथवा<br>तीन वेणियों का संगम स्थल - बहुव्रीहि समास, अन्य पद प्रधान | ½+½ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (ख) | | |
| | | | (iv) | सुलोचना – बहुव्रीहि समास | ½+½ |
| | | | (v) | खट्टा-मीठा – द्वंद्व समास | ½+½ |
| **6** | **6** | **6** | **6** | **'मुहावरे'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (i) | - | - | चक्कर आ जाता | 1 |
| | (ii) | - | - | दबे पाँव आता | 1 |
| | (iii) | - | - | पन्ने रंगना | 1 |
| | (iv) | - | - | उचित वाक्य प्रयोग | 1 |
| | (v) | - | - | हाथ-पाँव फूल जाना – उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | - | (i) | - | चक्कर आ जाता | 1 |
| | - | (ii) | - | दबे पाँव आता | 1 |
| | - | (iii) | - | उचित वाक्य प्रयोग | 1 |
| | - | (iv) | - | कमर कसना | 1 |
| | - | (v) | - | डर/भय से काँपना | 1 |
| | | | (क) | | |
| | - | - | (i) | अनदेखा करना / बदल जाना | 1 |
| | - | - | (ii) | उचित वाक्य प्रयोग | 1 |
| | - | - | (iii) | उठ खड़े होना/ कमर कसना | 1 |
| | | | (ख) | | |
| | - | - | (iv) | चक्कर आ जाता | 1 |
| | - | - | (v) | दबे पाँव आता | 1 |
| | | | | **खंड – ग**<br>**(पाठ्य-पुस्तक)** | |
| **7** | **7** | 8 | 9 | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | 1x 5 = 5 |
| | (i) | (i) | (i) | (C) धरती सबकी साझी है | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या है। | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (A) एकल परिवारों में सिमटना | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (A) समुद्र को धकेलना शुरू हुआ | |
| | (v) | (v) | (v) | (D) 1-III, 2-I, 3-II | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **8** | 7 | 10 | **'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 25-30 शब्दों में ) – | (2 x 3 = 6) |
| | (i) | (i) | (i) | • बड़े भाई साहब द्वारा किताबी ज्ञान की जगह जीवन के अनुभव को महत्त्व<br>• पढ़ाई में नियमितता और अनुशासन पर बल<br>• छोटे भाई द्वारा पढ़ाई से अधिक खेल-कूद को महत्त्व<br>• पढ़ाई के प्रति मनमौजी | 1+1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | • अपरिचित स्वतंत्रता सेनानियों के उल्लेखनीय योगदान से अवगत कराना<br>• आज़ादी की लड़ाई में जन-साधारण की भूमिका | 2 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | • प्रेम हृदय का उदात्त भाव, धर्म, जाति और सामजिक बंधनों और रूढ़ियों से परे<br>• तताँरा और वामीरो के प्रेम और बलिदान से द्वीप के गाँवों में रूढ़ियों और वैवाहिक निषेध की समाप्ति | 2 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | • समाज को उदात्त रूप प्रदान करने के लिए आदर्शों को अपनाना आवश्यक<br>• जीवन में व्यावहारिकता को आदर्श की ऊँचाइयों तक ले जाने का प्रयास ज़रूरी | 1+1 |
| **9** | **9** | 10 | 7 | **'पठित काव्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | 1 x 5 = 5 |
| | (i) | (i) | (i) | (B) ईस्ट इंडिया कंपनी ने | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (C) अपनी क्षमता पर गर्व था | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (B) II-IV | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (D) स्वतंत्रता विरोधी ताकतों से सावधान रहने की सीख देने के कारण | |
| | (v) | (v) | (v) | (A) प्रवेश द्वार | |
| **10** | **10** | 9 | 8 | **'काव्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 25-30 शब्दों में ) – | (2x3 =6) |
| | (i) | (i) | (i) | • निंदक व्यक्ति के साथ से अपनी कमियों को जानने तथा उन्हें सुधारने का अवसर (विद्यार्थियों की समझ तथा उपयुक्त तर्क पर आधारित मुक्त उत्तर) | 2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (ii) | (ii) | (ii) | ● परस्पर सहयोग, मेल-मिलाप, परोपकार आदि उदार व्यक्ति के गुण किसी भी देश के विकास के लिए आवश्यक<br>● एक-दूसरे का सहारा बन बिना भेद-भाव देश-हित में आगे बढ़ना | 2 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | ● मेखलाकार, अपार, ऊँचे पर्वत<br>● सुंदर और विशालकाय | 2 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | ● अन्य प्रार्थनाओं की अपेक्षा कवि द्वारा ईश्वर से किसी प्रकार की सहायता के स्थान पर आस्था, साहस, पौरुष एवं आत्मबल की कामना करना<br>● दुखों से मुक्ति माँगने की अपेक्षा निर्भय, स्वस्थ, अविचलित हो लड़ने की शक्ति की प्रार्थना | 2 |
| **11** | **11** | **11** | 11 | पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 – 50** शब्दों में अपेक्षित – | (3x2 =6) |
| | (i) | (iii) | (ii) | परेशानियाँ-<br>● हरिहर काका के साथ घर पर सौतेला व्यवहार<br>● भाइयों और महंत द्वारा हरिहर काका की ज़मीन हड़पने का षड्यंत्र एवं उन्हें शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना देना<br>सुझाव -<br>(विद्यार्थियों की समझ तथा उपयुक्त तर्क पर आधारित मुक्त उत्तर) | 2+1 |
| | (ii) | (ii) | (i) | ● भाषा विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम<br>● खेलकूद तथा आपसी लगाव की स्थिति में भाषा आड़े नहीं आती (विद्यार्थियों की समझ तथा उपयुक्त तर्क पर आधारित मुक्त उत्तर) | 3 |
| | (iii) | (i) | (iii) | (विद्यार्थियों की समझ तथा उपयुक्त तर्क पर आधारित मुक्त उत्तर) | 3 |
| | | | | **खंड – घ**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | |
| **12** | **12** | **13** | **16** | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 5 x 1 = 5 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ● प्रस्तुति – 1 अंक | |
| **13** | **13** | **12** | **15** | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन:<br>● आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 5 x 1<br>= 5 |
| **14** | **14** | **15** | **14** | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन:<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 4 x 1<br>= 4 |
| **15** | **15** | **14** | **13** | किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन :<br>● विषय-वस्तु – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 3 x 1<br>= 3 |
| **16** | **16** | **16** | **12** | लघुकथा लेखन **अथवा** ई-मेल लेखन:<br>लघुकथा लेखन (लगभग 100 शब्दों में) –<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रभाव – 1 अंक<br>**अथवा**<br>ई-मेल लेखन (लगभग 80 शब्दों में ) -<br>● औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 5 x 1<br>= 5 |